एक नजर में

कुलदीप नगर अध्यक्ष, कमल नगर मंत्री बने

सोयतकला । अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर सोयत की वर्ष 2026-27 के नवीन सत्र की नगर कार्यकारिणी की घोषणा कार्यक्रम आयोजित कर की गई. कार्यक्रम में मुख्य रूप से अभाविप प्रांत कार्यकारिणी सदस्य गोविंद पाटीदार उपस्थित रहे. कार्यक्रम के दौरान गोविंद पाटीदार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के उद्देश्यए कार्यपद्धति एवं राष्ट्र निर्माण में विद्यार्थियों की भूमिका पर प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण के साथ-साथ सामाजिक एवं राष्ट्रीय विषयों पर युवाओं को जागरूक करने का कार्य निरंतर कर रही है. इसके बाद वर्ष 2026-27 के लिए नगर इकाई सोयत की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई. इसमें कुलदीप राठौर को नगर अध्यक्ष एवं कमल दांगी को नगर मंत्री का दायित्व सौंपा गया. साथ ही संगठन के आगामी कार्यक्रमों एवं गतिविधियों को गति देने के लिए विभिन्न कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण दायित्व प्रदान किए गए. संचालन संजय योगी ने किया. आभार कमल दांगी ने माना. नवीन कार्यकारिणी की घोषणा के साथ ही कार्यकर्ताओं में उत्साह का वातावरण देखने को मिला. सभी नवनियुक्त दायित्ववान कार्यकर्ताओं ने संगठन के प्रति पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया.

बस स्टैंड चौक में पं. दीनदयाल की प्रतिमा अनावरण

सुसनेर । नगर परिषद द्वारा रविवार को नगर के पुराना बस स्टैंड स्थित पंडित दीनदयाल चौक पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा का अनावरण किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान थे. इस अवसर पर स्वागत भाषण देते हुए नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी ने कहा मुझे बहुत कम समय मिला है, मैं 20-20 मैच की तरह मिला हूं. फ्रि भी जो 40 साल में नहीं हुआ, वह हमने 4 महीनों में कर दिखाया. चित्र से कुछ नहीं होता, चरित्र दमदार होना चाहिए, उन्होंने इस दौरान डिवाइडर सड़क की मांग भी रखी. मुख्य अतिथि मंत्री नागर सिंह चौहान ने कहा आज हम सबके लिए खुशी की बात है कि हमें पंडित दीनदयाल जी की मूर्ति का अनावरण करने का सौभाग्य मिला. हमारी सरकार का सपना है कि अंतिम व्यक्ति का विकास कैसे होए यह काम केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार में चल रहा है. पंडित दीनदयाल जी के सपनों का भारत और प्रदेश बनता जा रहा है. उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार जनविश्वास अभियान चला रही है, जिसमें सभी को लाभ मिलेगा. जो छूट गया, उनको लाभ दिलाना हम सबकी जिम्मेदारी है. हमारी सरकार जनता, गरीब और पिछड़ों के लिए है. भाजपा जिलाध्यक्ष ओम मालवीय ने कहा सुसनेर के लोग भूल गए थे कि नगर परिषद अध्यक्ष कैसा होता है. प्रदीप सोनी की सक्रियता ने साबित कर दिया कि अध्यक्ष कैसा होता है. कार्यक्रम में जिला प्रभारी प्रदेश मंत्री जयदीप पटेल, पूर्व विधायक बद्रीलाल सोनी, प्रदेश समिति सदस्य चिंतामण राठौर, जिला महामंत्री रामेश्वर तेजरा, मीसाबंदी गोवर्धन शुक्ला, मंडल अध्यक्ष डॉ.सौरभ जैन, नप उपाध्यक्ष राकेश जैन सहित सभी पार्षद व बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे. संचालन सांसद प्रतिनिधि मुकेश हरदेनिया ने किया. आभार नगर परिषद सीएमओ हरिओम शर्मा ने माना. जानकारी भाजपा मीडिया प्रभारी दीपक जैन ने दी.

लम्बी खेंच के बाद बरसी राहत की बूंदे...

शुजालपुर । क्षेत्र में लगभग दो सप्ताह बाद रविवार को अच्छी बारिश हुई, जिससे तापमान में भी गिरावट हुई और खरीफ फसलों को काफी राहत मिली है. रविवार की सुबह से दोपहर के मध्य रूक-रूक कर हल्की और मध्यम बारिश होती रही, शाम के बाद भी आसमान में बादलों की उपस्थिति बनी हुई थी जिससे आगे भी बारिश की संभावना दिखाई दी. बता दें इस वर्ष बारिश का आंकडा काफी पीछे चल रहा है, शुजालपुर तहसील में जून माह में तो बारिश ठीक रही लेकिन जुलाई माह में पानी नाम मात्र का ही बरसा. लोगों को अगस्त माह से उम्मीद थी लेकिन इस माह का पहला सप्ताह भी लगभग सुखा ही बीत गया. मानसून सत्र को लगभग दो माह बीतने को आया है और बारिश का आंकडा 15 इंच भी पार नहीं हो पाया, जो कि चिंता का विषय बना हुआ है. मिली जानकारी अनुसार शुजालपुर तहसील में चालू वर्ष में 13 से 14 इंच के बीच बारिश हुई है, जबकि गत वर्ष 10 अगस्त तक 18 इंच से अधिक बारिश हो गई थी। रविवार को हुई बारिश ने खेतों में कुछ नमी बना दी है, हालांकि इस वर्ष अब तक हुई बारिश के दौर में एक भी वर्षा ऐसी नहीं हुई है जिसमें खेतों से पानी बहकर निकला है. क्षेत्र में कई हिस्से जहां दो फिट नीचे की भी मिट्टी गिली नहीं हुई है. कुएं व तालाब खाली है तो नदियों व नालों में भी इस बार क्षेत्र में अच्छा बहाव देखने को नहीं मिला है.

तिरंगा यात्रा और संत रविदास जयंती की तैयारियों पर मंथन

शुजालपुर । भाजपा नगर मंडल की मासिक बैठक विधायक कार्यालय परिसर में मंडल अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी की अध्यक्षता में हुई. बैठक में आगामी तिरंगा यात्रा, हर घर तिरंगा अभियान, संत रविदास जयंती और बूथ स्तरीय संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर तैयारियों पर चर्चा की गई. मंडल अध्यक्ष तिवारी ने संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी दी. जिला महामंत्री विजय सिंह बैस ने कहा कि तिरंगा यात्रा प्रशासनिक कार्यक्रम है, जिसमें कार्यकर्ता राष्ट्रभावना के साथ अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करें. हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रत्येक घर पर राष्ट्रीय ध्वज सम्मान व गरिमा के साथ फहराया जाए. उन्होंने संत रविदास जयंती कार्यक्रम को भी व्यापक जनसहभागिता के साथ मनाने तथा संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय करने पर जोर दिया. कार्यक्रम प्रभारी किशोर खन्ना ने तिरंगा यात्रा की तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि इसमें विद्यार्थी, व्यापारी, सामाजिक संगठनों सहित समाज के सभी वर्गों की सहभागिता रहेगी. बैठक में आगामी कार्यक्रमों के लिए पदाधिकारियों, मोर्चा अध्यक्षों, शक्ति केंद्र प्रभारियों, नगर पालिका अध्यक्ष-उपाध्यक्ष एवं पार्षदों को दायित्व सौंपे गए. इस दौरान संगीता आर्य व अंजू खत्री, मोहन जाटव सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे. संचालन महामंत्री योगेश शिवहरे व आभार दीपक मीणा ने माना।

करणी सैनिकों के आह्वान पर देशभक्ति के रंग में रंगा शाजापुर

सैकड़ों ट्रैक्टर और दोपहिया वाहन हुए शामिल, जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

शाजापुर।हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत प्रदेश सरकार ने 9 से 14 अगस्त तक तहसील, विकासखंड और जिला मुख्यालय पर तिरंगा यात्रा निकालने का आह्वान किया है. इसी आह्वान को पूरा करने के लिए रविवार को करणी सेना परिवार के प्रमुख जीवन सिंह शेरपुर के नेतृत्व में शाजापुर में ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा निकाली गई. यात्रा में सैकड़ों की संख्या में

ट्रैक्टर और दो पहिया वाहन के साथ करणी सैनिक हाथों में तिरंगा लेकर शामिल हुए. जिन्होंने भारत माता की जय के नारों से शाजापुर को देशभक्ति के रंग में रंग दिया. इस तिरंगा यात्रा का विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों ने पुष्पवर्षा कर जगह-जगह स्वागत किया. सबसे पहले शाजापुर विधायक अरुण भीमावद, भाजपा नगर अध्यक्ष आशीष नागर, भाजपा नगर महामंत्री गोविंद नायक, विकास सिंदल, कांग्रेस प्रदेश महासचिव रामवीरसिंह सिकरवार, जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश्वर प्रताप ने करणी सेना अध्यक्ष जीवनसिंह शेरपुर का स्वागत किया.

तिरंगा यात्रा दोपहर करीब 12 बजे मां राजराजेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद शुरू हुई, जो ट्रैफिक पॉइंट, बस स्टैंड, नई सड़क, आजाद चौक, छोटा चौक, सोमरिया बाजार, कंस चौराहा, कुम्हारवाड़ा घाटी, महूपुरा चौराहा और गायत्री मंदिर होते हुए महाराणा प्रताप प्रतिमा स्थल पर पहुंची. यहां महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया. इसके बाद यात्रा टंकी चौराहा होते हुए कृषि मंडी पहुंची. जहां आमसभा के साथ इसका समापन हुआ. तिरंगा यात्रा में जीवन सिंह शेरपुर ने खुली जीप में सवार होकर शहरवासियों का अभिनंदन किया और देशभक्ति नारे लगाए. इस दौरान करणी सेना जिलाध्यक्ष सोनूबना सांपखेड़ा, प्रदेश संगठन सचिव अजीत सिंह डोडिया, करणी सैनिक शिवपाल सिंह चौहान, धीरेंद्र सिंह भदौरिया आदि मौजूद थे.

राजनीतिक दल बनाकर चुनाव भी लड़ेंगे...

करणी सेना परिवार के प्रमुख जीवन सिंह शेरपुर तिरंगा यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए. उन्होंने कहा कि यह यात्रा पूरी तरह से राष्ट्रसेवा और राष्ट्रहित को समर्पित है. शेरपुर ने यह भी बताया कि करणी सेना द्वारा राजनीतिक दल का गठन किया जा रहा है. करणी सेना जल्द ही अपनी राजनीतिक पार्टी बनाकर आगामी चुनावों में प्रत्याशी उतारेगी. देश और प्रदेश में चल रहे विभिन्न आंदोलनों पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि जनता अन्याय होने पर ही सड़कों पर उतरती है. उन्होंने सरकार से आंदोलनकारियों और छात्रों से संवाद स्थापित कर उनकी उचित मांगों को सुनने का आग्रह किया. आमसभा के दौरान राष्ट्रहित और सामाजिक मुद्दों पर संगठन की आगामी रणनीति को लेकर भी चर्चा की गई.

4 घंटे चली यात्रा का भव्य स्वागत...

करीब 4 घंटे चली इस तिरंगा यात्रा का सर्व हिंदू समाज अध्यक्ष पं. आशीष नागर के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया. इस दौरान गोविंद नायक आदि मौजूद थे. आजाद चौक में जय शिव कांवड़ यात्री संघ के संस्थापक एवं नपा उपाध्यक्ष पं. संतोष जोशी ने तिरंगा यात्रा का स्वागत किया. उनके साथ प्रदेश मंत्री क्षितिज भट्ट, राजीव दुबे, राजकुमार कराड़ा, आशुतोष शर्मा, धर्मेंद्र प्रजापत, राजकुमार शर्मा आदि मौजूद थे. वहीं दूसरी ओर महूपुरा में पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इरशाद खान के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा का स्वागत किया गया. शहर में जगह-जगह मुस्लिम समाज, बोहरा समाज, जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष मनीष सिसौदिया, श्रमजीवी पत्रकार संघ, पेंशनर संघ सहित अनेक सामाजिक, धार्मिक संगठनों ने तिरंगा यात्रा का स्वागत किया.

आज से शाजापुर से इंदौर का किराया 200, तो उज्जैन का 130

शाजापुर। बस संचालकों द्वारा रखी गई सात सूत्रीय मांगों को आखिरकार सरकार ने मान लिया है. इसके चलते बस संचालकों द्वारा 7 अगस्त से की जाने वाली अनिश्चितकालीन हड़ताल को रद्द कर दिया गया. इधर, बस संचालकों की मांगों के अनुसार शासन द्वारा जारी राजपत्र के अनुसार प्रत्येक बस यात्रियों के किराए की बढ़ोतरी की गई है. शासन द्वारा तय किए गए किराए के अनुसार प्रत्येक यात्री से बस संचालक द्वारा 2 रुपए प्रतिकिमी के मान से किराया वसूला जाएगा. जिसके चलते अब इंदौर जाने वालों को 120 के बजाए 200 और उज्जैन जाने वाले यात्रियों को 130 रुपए किराया देना होगा.

दरअसल, प्रदेश सरकार की नई स्टेज कैरिज परिवहन नीति के विरोध में प्रदेशभर के निजी बस संचालकों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया था. बस संचालकों की प्रमुख मांग थी कि 7 जुलाई 2026 को जारी नई स्टेज कैरिज परिवहन नीति को तत्काल वापस लिया जाए.

6 जुलाई 2026 को जारी टेंडर निरस्त किए जाए. डीजल, टायर और स्पेयर पार्ट्स की बढ़ती कीमतों को देखते हुए बस किराए में वृद्धि की जाए. पहले से पंजीकृत बसों के खिलाफकी जा रही कार्रवाई पर रोक लगाई जाए. इन मांगों के संबंध में गत दिनों मप्र बस ऑनर्स एसोसिएशन के बैनर तले शाजापुर में भी प्राइवेट बस एसोसिएशन के पदाधिकारी और सदस्यों द्वारा मुख्यमंत्री और परिवहन मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया था, जिसे मान लिया गया है. प्राइवेट बस एसोसिएशन शाजापुर के कोषाध्यक्ष सुमित नागर ने बताया कि 2 रुपए प्रति किलोमीटर किराया तय किया गया है. इसके चलते शाजापुर से इंदौर-उज्जैन रूट के लिए बस किराए की सूची तैयार की गई है, जिसे आज से लागू किया जाएगा.

खेल प्रतिभाओं की तलाश

शुजालपुर। शासकीय एकीकृत हाई स्कूल रायपुर में खेल प्रतिभाओं की पहचान के लिए स्पोर्ट्स टैलेंट टीम द्वारा कक्षा पांचवीं से आठवीं तक के विद्यार्थियों का शारीरिक दक्षता परीक्षण किया गया. परीक्षण के दौरान विद्यार्थियों की विभिन्न शारीरिक क्षमताओं को परखा गया.

परीक्षण के आधार पर प्रत्येक विद्यार्थी की रिपोर्ट तैयार की जाएगी. इससे यह पता लगाने में मदद मिलेगी कि कौन सा विद्यार्थी किस खेल में बेहतर प्रदर्शन कर सकता है. विद्यार्थियों को अपनी खेल प्रतिभा पहचानने और रुचि के अनुरूप खेल का चयन करने में भी मदद मिलेगी. बेहतर प्रतिभा वाले विद्यार्थी भविष्य में संबंधित खेल को करियर के रूप में अपना सकेंगे. परीक्षण के आयोजन में शाला के प्रभारी प्राचार्य सुरेन्द्र सिंह डोडिया सहित विद्यालय स्टाफ ने सहयोग किया.

जिलास्तरीय कुश्ती में आदित्य का चयन

मक्सी । जिलास्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए यूनिवर्सल अकादमी से जूनियर वर्ग में आदित्य राठौर का चयन हुआ. उन्होंने कहा कि यह केवल शुरुआत है. उन्होंने अन्य बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि उन्हें आगे बढ़ते रहना चाहिए और अपनी क्षमताओं को विकसित करना चाहिए. यूनिवर्सल एकेडमी के शिक्षकों ने बताया कि वे आगामी जिलास्तरीय प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों को बेहतर टेक्निक सिखा रहे हैं. उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय के डायरेक्टर अशोक चावड़ा, अमित चावड़ा, प्राचार्य रामकृष्ण शर्मा, खेल शिक्षक रंजीत चौहान ने बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना की.

राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस की प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

शाजापुर । राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद नई दिल्ली, मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद तथा साइंस सेंटर, ग्वालियर के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला में जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षकों ने सहभागिता की. कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, अनुसंधान की प्रवृत्ति एवं नवाचार की भावना को बढ़ावा देने के साथ शिक्षकों को राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस की गतिविधियों से परिचित कराना रहा.

जेल में बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया

शाजापुर । जिला जेल शाजापुर में गत दिवस राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला शाजापुर द्वारा स्वास्थ्य जांच एवं उपचार शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में डॉ. अजय साल्विया एवं उनके सहायक कर्मचारी राम शर्मा, एनएमए द्वारा जेल में निरुद्ध बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया.

शिविर के दौरान कुल 120 बंदियों की स्वास्थ्य जांच की गई. चिकित्सकीय दल द्वारा कुष्ठ रोग एवं अन्य त्वचा संबंधी रोगों की जांच कर आवश्यकतानुसार एमटी उपचार उपलब्ध कराया गया तथा रोगियों को उपचार एवं बचाव के संबंध में आवश्यक परामर्श दिया गया. चिकित्सकीय दल द्वारा बंदियों को कुष्ठ रोग एवं त्वचा संबंधी रोगों के प्रारंभिक लक्षणों की पहचान, समय पर जांच एवं नियमित उपचार के महत्व के बारे में जानकारी दी गई. इस अवसर पर जेल अधीक्षक डीके पगारे सहित जेल स्टाफ उपस्थित रहा.

शिक्षक का किया सम्मान

शुजालपुर । प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश भोपाल के प्रदेश उपाध्यक्ष गंगाधर वर्मा ने कैलाश नारायण आर्य के साथ सेवानिवृत्ति कार्यक्रम में शामिल होकर महेंद्र सिंह सिकरवार का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया. इसके बाद उन्होंने प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा अवंतिपुर बड़ोदिया के अध्यक्ष सुभाष नाग के निवास पहुंचकर उनके 93 वर्षीय पिता शिवनारायण नाग का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया. वर्मा ने कहा कि शिवनारायण नाग ने अपने शिक्षकीय सेवाकाल में राज्यपाल सहित जिलाधीश स्तर से विभिन्न पुरस्कार प्राप्त किए है. उनकी अनुशासनप्रियता की चर्चा जिले में आज भी अनुकरणीय है.

बस किराये को लेकर सरकार पुन: करे विचार

निजी बस मालिकों के सामने गरीब जनता का भी नहीं रखा ख्याल

सोयतकला ।प्रदेश सरकार द्वारा निजी बस संचालकों की मांग पर 5 अगस्त से बसों के किराए में की गई वृद्धि को लेकर विरोध के स्वर मुखर होने लगे हैं. सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी व आम नागरिकों द्वारा किराया वृद्धि का विरोध करते हुए सरकार से इस पर पुनर्विचार करने की मांग की गई है.

प्रदेश सरकार द्वारा बस किराए में की गई भारी वृद्धि का विरोध करते हुए बताया कि प्रदेश की सरकार द्वारा निजी बस संचालन की मांग पर बस के किराए में की गई भारी वृद्धि प्रदेश की आम गरीब व मध्यम वर्ग की जनता के साथ घोर अन्याय है. उन्होंने बताया कि आम जनता वैसे ही पिछले कई महीनों से दिनों दिन बढ़ती महंगाई से परेशान है. ऐसे समय में ऊपर से निजी बस मालिकों के दबाव में आकर शासन द्वारा की गई भारी बस किराया वृद्धि ने आग में घी का काम किया है. प्रदेश की 80 प्रतिशत से अधिक आम जनता बसों में सफर करती है, लेकिन प्रदेश सरकार ने आम जनता का ख्याल नहीं रखते हुए बस मालिकों की मांग पर एक तरफा फैसला करते हुए भारी किराया वृद्धि कर दी है, जो कि अनुचित है.

आम जनता के साथ अन्याय...

सरकार को दोनों पक्षों का ध्यान रखते हुए कम से कम किराया वृद्धि करना चाहिए थी, लेकिन सरकार ने 45 प्रतिशत किराया वृद्धि की है, जो कि आम जनता के साथ सरासर अन्याय है. इससे आम जनता में सरकार के उक्त फैसले के प्रति नाराजगी है. सभी के द्वारा प्रदेश सरकार से किराया वृद्धि पर पुनर्विचार की मांग की गई है.

दो आरोपियों ने चुराई थी बाइक

शाजापुर। मोहन बड़ोदिया पुलिस ने बाइक चोरी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई बाइक बरामद की है, जिसकी कीमत करीब 40 हजार रुपए बताई गई है. इस पूरी कार्रवाई का खुलासा रविवार शाम 5 बजे किया गया.

पुलिस के अनुसार फरियादी मोहनलाल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी. उन्होंने बताया कि 3 अगस्त को वह अपनी बाइक से खेत पर काम से गए थे. उन्होंने बाइक खेत के बाहर रास्ते में खड़ी की थी, लेकिन कुछ देर बाद वापस लौटने पर मोटरसाइकिल मौके से गायब मिली. अज्ञात व्यक्ति द्वारा बाइक चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की. जांच के दौरान पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ की. इसके अलावा सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ पूर्व में चोरी की घटनाओं में संलिप्त संदिग्धों से भी पूछताछ की गई. पुलिस ने मुखबिर तंत्र भी सक्रिय किया. मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने जसवाड़ा पुलिया के पास घेराबंदी कर सोनू पिता लखन कंजर 26 निवासी माधौपुर कंजर डेरा को पकड़ा. आरोपी के कब्जे से चोरी की बाइक बरामद की गई. गिरफ्तार आरोपी सोनू को न्यायालय में पेश किया जाएगा.

14 अगस्त को शाजापुर में मनाएंगे विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस

शाजापुर ।केंद्र सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुक्रम में 9 से 17 अगस्त 2026 की तिथियों में हर घर तिरंगा अभियान का क्रियान्वयन किया जाएगा. इस अभियान में जनसामान्य को विगत वर्षों की तरह उत्साह ओर देशभक्ति के साथ स्वाधीनता दिवस मनाने एवं सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों में 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाने का निश्चय किया गया है.

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा हर घर तिरंगा, तिरंगा यात्रा के संदर्भ में विभिन्न निर्देश प्रसारित किए गए हैं. जिसके तहत 9 से 14 अगस्त तक मध्यप्रदेश के सभी जिला मुख्यालय, विकासखंड एवं तहसील मुख्यालयों पर तिरंगा यात्रा के आयोजन किए जाएं. तिरंगा यात्रा के लिए पूर्व तैयारियों के संदर्भ में प्रभारी मंत्री अपने प्रभार के जिलों में जिला प्रशासन एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सम्मानित प्रबुद्धजनों के साथ बैठक आवश्यक रूप से सुनिश्चित करें. तिरंगा यात्रा में सभी शासकीय विभाग, शासकीय-अशासकीय महाविद्यालय, शासकीय एवं निजी विश्वविद्यालय यात्रा में आवश्यक रूप से जुड़ें. संस्कृत्ति विभाग के द्वारा तिरंगा यात्रा में सांस्कृतिक दलों को जोड़ने का कार्य किया जाए. तिरंगा यात्रा में स्थानीय बैंड एवं सांस्कृतिक संसाधनों का उपयोग सुनिश्चित किया जाए. स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शासकीय/अशासकीय विद्यालयों को जोड़ा जाए. समाज के प्रबुद्धजनों, समाजसेवियों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, लोकतंत्र सेनानियों को आमंत्रित कर उन्हें आगे रखा जाए. सांसद, विधायक अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्र में तिरंगा यात्रा में सम्मिलित होंगे.

एक नजर में

नीलकंठेश्वर मंदिर से बोल बम की 22वीं कांवड़ यात्रा रवाना, जगह-जगह पुष्पवर्षा से हुआ भव्य स्वागत

300 किलोमीटर की पैदल यात्रा पर निकले 50 कावड़िये

सुसनेर । सावन माह के पवित्र रविवार को रिमझिम बारिश के बीच सुसनेर नगर में आस्था और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला. मेला ग्राउंड स्थित नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर से बोल बम कावड़ यात्रा संघ के तत्वावधान में बोल बम की 22वीं कावड़ यात्रा दोपहर 12 बजे विधिवत पूजा-अर्चना के बाद ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के लिए रवाना हुई. यात्रा में करीब 50 कावड़िये शामिल हुए, जो लगभग 300 किलोमीटर की दूरी पैदल तय करेंगे.

यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व कावड़ियों एवं श्रद्धालुओं ने नीलकंठेश्वर महादेव का पूजन-अभिषेक कर भगवान भोलेनाथ से यात्रा की सफलता और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की. इसके बाद कावड़ियों ने कंधों पर आकर्षक एवं सुसज्जित कावड़ धारण की और बोल बम, हर-हर महादेव के जयघोष के साथ यात्रा का शुभारंभ किया. कांवड़ यात्रा जैसे ही नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी. पूरा वातावरण शिवमय हो गया. कावड़ियों के साथ चल रहे श्रद्धालु बोल बम और हर-हर महादेव के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े. कावड़ियों की आकर्षक कावड़ और भक्ति से ओतप्रोत माहौल नगरवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा. मार्ग में जगह-जगह नगरवासियों एवं श्रद्धालुओं ने कावड़ियों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया और उनका उत्साह बढ़ाया. रिमझिम बारिश के बावजूद कावड़ियों और श्रद्धालुओं में उत्साह कम नहीं हुआ. यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल भी तैनात रहा, ताकि यात्रा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से आगे बढ़ सके.

ओंकारेश्वर में करेंगे जलाभिषेक

यात्रा में शामिल कावड़िये करीब 300 किलोमीटर की पैदल यात्रा पूरी कर ओंकारेश्वर पहुंचेंगे. यात्रा के दौरान कावड़ में ले जाए जा रहे पवित्र जल से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया जाएगा. कावड़ यात्रा के माध्यम से क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की जाएगी. 22वीं कावड़ यात्रा के रवाना होने के साथ ही सुसनेर नगर एक बार फिर शिवभक्ति के रंग में रंग गया. सावन के महीने में निकली यह धार्मिक यात्रा श्रद्धा, आस्था और सनातन परंपरा का जीवंत उदाहरण बनी.

कामधेनु योजना के हितग्राहियों के साथ बैठक सम्पन्न

शाजापुर । जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी मनीषा वास्कले द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना के 25 हितग्राहियों, संबंधित पशु चिकित्सक के साथ जिला पंचायत सभाकक्ष में समीक्षा बैठक की गई. जिला पंचायत सीईओ सुश्री वास्कले ने हितग्राही के बैंक में दिए जाने वाले आवश्यक दस्तावेज समय पर जमा करने के लिए कहा. साथ ही उन्होंने बैंक की ओर से कठिनाई आने पर अग्रणी बैंक प्रबंधक से चर्चा कर निराकरण करने के लिए कहा. इसके साथ ही उन्होंने सभी लंबित प्रकरणों को 25 दिवस में पूर्ण करने के निर्देश दिए. इस अवसर पर अग्रणी जिला प्रबंधक शैलेंद्र सुमन, पशुपालन एवं डेयरी विकास उपसंचालक डॉ. प्रशांत महाडिक उपस्थित थे.